लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023

PAGE NO, 05, BOTTOM

एसआरएमएस में देश के नामचीन डॉक्टर 28 को अनुभव करेंगे साझा

बरेली क्लब में प्रेसवार्ता में जानकारी देते आदित्य मूर्ति। ● अमृत विचार

● एपीआई की ओर से यूपी चैप्टर की दो दिवसीय कांफ्रेंस होगी आयोजित

बरेली, अमृत विचार : श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज आफ मेडिकल साइंसेज में एसोसिएशन आफ फिजीशियन आफ इंडिया (एपीआई) की ओर से दो दिवसीय 40 वीं वार्षिक कांफ्रेंस 28 अक्टूबर से शुरू होगी। प्रेसवार्ता में डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने बताया कि कांफ्रेंस में देश के नामचीन फिजीशियन स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों और उनके समाधान को अपने रिसर्च के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ.स्मिता गुप्ता ने बताया कि इस बार कांफ्रेंस की थीम पर्ल्स आफ मेडिसिन है। कांफ्रेंस में एम्स दिल्ली, अपोलो, ऋषिकेश, बीएचयू, राममनोहर लोहिया, पीजीआई लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक व्याख्यान देंगे। दिल्ली, उत्तराखंड सहित यूपी के लगभग सभी मेडिकल कॉलेज के करीब 600 फिजीशियन और पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स शामिल होंगे। डेलिगेट्स रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेंस में साइंटिफिक सेशन 28 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे ओरल प्रेजेंटेशन के साथ शुरू होगा। उद्घाटन दोपहर 12.30 बजे विशिष्ट अतिथि इंडियन कॉलेज आफ फिजीशियन के डीन डा.ज्योतिर्मय पाल (कोलकाता) की मौजूदगी में होगा। डॉ.पाल भी व्याख्यान देंगे। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डॉ.एमपी रावल और डॉ.दीपक दास मौजूद रहे।

इन वरिष्ठों को किया जाएगा सम्मानित: 97 वर्ष की उम्र में भी मरीजों की सेवा करने वाले मुरादाबाद के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ.डीपी मनचंदा, बरेली के चिकित्सक डॉ. एचबी गुप्ता को कांफ्रेंस में सम्मानित किया जाएगा।